Raman Nirmar
29/9/16

Rajneesh Kumar..
29/9/16

चूँके बिक्रय केवाला दस्तावेज का विवरण यह है कि मेरे घरेलु खर्च एवं अन्यान्य संसारिक खर्च के लिए रूपये की विशेष आवश्यकता आ जाने पर तफशील प्रकाशित सम्पत्ति बिक्री करने का प्रस्ताव करने पर आप उसे खरीदने के लिए राजी होने पर हम तफशीलोक्त सम्पत्ती की समयोचित सर्वोच्च मूल्य **5,55,000/**(पॉच लाख पचपन हजार) रूपंये आज आपके पास नगद ग्रहण कर इस केवाला दस्तावेज द्वारा आपके बराबर केवाला बिक्री कर हम तथा मायवारिसान पूर्ण रूपे से निःस्वत्व हुए।

आप आज तारीख से उक्त बिक्रीत जमीन की सालाना खारीज लगान उपरोक्त के हिसाब से साल–साल वर्तमान जमीन मालीक झारखंड सरकार अंचल कार्यालय चास में अदाय देकर हमारे नाम खारिज पूर्वक आप अपने नाम पर चेक रसीद दाखला ग्रहण पूर्वक आप अपने इच्छानुसार कच्चा पक्का मकान, कुँयाँ, बाग–बगीचा आदि तैयार कर तथा दान बिक्री हस्तांतरण का सर्व प्रकार का मालिक बनकर पुत्र पौत्रादि सह वंश परम्परा में परम सुख से भोग दखल करते रहेगें, इसमें हम तथा हमारे उत्तराधिकारियों में से किसी को कुछ भी हक वो अधिकार नही होगा तथा करने पर बिलकुल ही नाजायज समझा जाएगा।

बिक्रीत सम्पत्ति पूर्ण रूप से निर्दाय एवं निर्दोष अवस्था में बिक्री किया। इसके पहले कभी किसी को बिक्री या किसी प्रकार का हस्तांतरण नही किया हूँ, अगर भविष्य में किसी प्रकार का त्रुटि प्रमाण हो तो उपरोक्त मूल्यों सह क्षति पूर्ति करने के लिए बाध्य होगें।

Scanned by CamScanner